J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 06.08.2019

PUNJAB KESARI

80 पन्नों की पुस्तक में लोगों ने दिल खोलकर रखी है अपनी बात

प्रेमपत्रों का संग्रह कर लिखी किताब

फरीदाबाद, 5 अगस्त (पूजा शर्मा) : हमारे जीवन में ऐसे कितने ही अवसर आते है जब हम अपने करीबी लोगों को काफी कुछ कहना चाहते हैं लेकिन किन्हीं परिस्थितियों के कारण कह नहीं पाते। अक्सर ऐसी बातें, जिनमें गहरी संवेदनाएं छिपी होती है, या तो वह हमारे जहन में रह जाती है या फिर हमारी डायरी या उन खतों में रह जाती है, जिन्हें हम उन लोगों को तक पहुंचाने की जीवनभर हिम्मत नहीं जुटा पाए, जिनके लिए वह लिखे गए थे। ऐसे ही अनकही बातों और कभी नहीं भेजे गए खतों का संग्रहित कर पुस्तक के रूप में संकलित किया है दीया गोयल ने। दीया गोयल की पुस्तक 'लेटर अनसेंटज्' का विमोचन आज जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दीया और उसके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इतनी छोटी उम्र में रचनात्मक लेखन करना बड़ी बात है। कुलपति ने कहा कि लोगों की ऐसी बातों को किताब के माध्यम से बताना जो बेहद निजी और भावनाओं से ओतप्रोत है, बेहद संवेदनशील कार्य है और इसके लिए अच्छी समझ होनी जरूरी है। उन्होंने दीया के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वुडस्टॉक स्कूल, मसूरी में 12वीं कक्षा की छात्रा दीया गोयल का ताल्लुक एक व्यवसायी परिवार से है और वह हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता की प्रपौत्री है। फरीदाबाद के सेक्टर-15 निवासी दीया गोयल के पिता सुमित गुप्ता एक कारोबारी है और मां शिप्रा गुप्ता का भी अपना व्यवसाय है। बिजनेस स्टडीज कर रही 16 वर्षीय दीया बताती हैं कि उसे लिखने का शौक शुरू से ही रहा है और अपने अनुभव से उसने पाया कि ऐसे कितने लोग होते है जो काफी कुछ कहना चाहते है लेकिन परिस्थितिवश कुछ कह नहीं पाते। ऐसे ही लोगों की कहानी को उसने खतों के माध्यम से अपनी पुस्तक में शामिल किया है। दीया ने बताया कि 80 पत्रों की अपनी पुस्तक में उसने लोगों को दिल खोलकर अपनी बात रखने का अवसर दिया है।

दीया गोयल की पुस्तक का विमोचन करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। (छाया: एस शर्मा)

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 06 August 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c/42235012

NEWS CLIPPING: 06.08.2019

HINDUSTAN

कुलपति ने पुस्तक का विमोचन किया

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में सोमवार को शहर की बेटी दीया गोयल की पुस्तक लेटर अनसेंट का विमोचन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विमोचन करते हुए कहा कि छोटी उम्र में रचनात्मक लेखन करना बड़ी बात है। उन्होंने दीया के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।